सेन्टमोन्टफोर्ट विद्यालय का वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2016

दिनाँक1 दिसंबर 2016 को सेंट मोन्टफोर्ट, विद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह के अंतर्गत दूसरे दिन कक्षा तीसरी से कक्षा छठवी के विद्यार्थियों के लिए क्रीड़ा समारोह का आयोजन सेंट मोन्टफोर्ट, विद्यालय पटेल नगर के तत्वावधान में हुआ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ए. के जैन जनरल मैनेजर बी. एच.ई एल ,तथा विषिष्ट अतिथि श्री आसिव जैन अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी तथा सम्मानीय अतिथि ब्रदर जेम्स इक्का चैयरपर्सन मोन्टफोर्ट एज्यूकेषन थे। विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर एलेक्स जी ने मुख्य अतिथि, विषिष्ट अतिथि ,अभिभावकों तथा सभी आगुंतको का स्वागत किया।

विद्यालय के प्राथमिक विभाग की हैड गर्ल अंषिका सिंह चौहान ने सभी खिलाड़ियों को अनुषासन व खेल भावना के साथ खेलने की षपथ दिलाई । क्रीड़ा समारोह की थीम ”स्वच्छ भारत “थी । छात्रों ने उनके लिए आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना क्रीड़ा कौषल दिखलाया । छात्र –छात्राओं ने बाधा दौड़,नारियल रेस ,गुब्बारा दौड़ ,रिले रेस ,50मीटर ,100मीटर आदि दौड़ प्रतियोगिताओं में भाग लिया । विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा रस्सी कूद ,एरोविक्स ,साइकलिंग ,मार्च पास्ट आदि विभिन्न विधाओं का प्रदर्षन किया गया ।

समारोह में क्रीड़ा समारोह की थीम को प्रदिर्षित करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियाँ दी गईं ।

बच्चों के साथ – साथ अभिभावकों ने भी उनके लिए विषेष रूप से आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग ले कर अपने क्रीड़ा कौषल का प्रदर्षन किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महोदय श्री ए के जैन जी ने सभी विजेताओं को बधाई दी तथा विद्यार्थियों को खेल व अनुषासन का महत्व समझाया । मुख्य अतिथि श्री ए के जैन व ब्रदर जेम्स एक्का द्वारा विजेताओं को पुरूस्कार प्रदान किये गए। अंत में विद्यालय के उप प्राचार्य ब्रदर विलियम जी ने अपने अभिभाषण में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद प्रेषित किया ।

प्राचार्य